लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *98
08 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

मेगा टेक्सटाइल पार्क

***98. श्रीमती नुसरत जहां:**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल पार्कों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में एक मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने पर विचार किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या यह किसानों और अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

<u>मेगा टेक्सटाइल पार्कों के संबंध में श्रीमती नुसरत जहां द्वारा दिनांक 08.02.2023 को पूछे जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *98 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण</u>

(क) से (घ): सरकार ने ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना के साथ 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सभी राज्य सरकारों से पीएम मित्र पार्क की स्थापना करने के लिए वस्त्र मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया था। तथापि, योजना के तहत पश्चिम बंगाल राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यह योजना निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक वस्त्र बाजार में खुद को मजबूती से स्थापित करने में भारत की मदद करेगी। यह भी परिकल्पना की गई है कि प्रति मेगा पार्क 1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

***